## पुलिस लाइन में हेलीकाप्टर से पहुंचे राज्यपाल मंगुभाई पटेल का किया गया स्वागत

# आज हरदुआ पहुंचेंगे राज्यपाल, बदल गई गांव की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्यपाल मंगुभाई पटेल का शनिवार को कटनी जिले के पुलिस लाइन स्थित झिंझरी हेलीपैड पर शाम 5.01 बजे हेलीकॉप्टर से आगमन हुआ। राज्यपाल श्री पटेल का यहां विधायक मुड़वारासंदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी व शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने आत्मीय स्वागत किया। राज्यपाल का यहां हेलीपैड पर संभागायुक्त धनंजय सिंह, डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अगवानी की। पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, रामरतन पायल,पीतांबर टोपनानी, सहित नगर निगम के पार्षदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी राज्यपाल का अभिनंदन किया।इस मौके पर एएसपी डॉ संतोष डेहेरिया और एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी व डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।





### कार्यक्रम में होंगे शामिल

राज्यपाल मंगूभाई पटेल रविवार 12 अक्टूबर को स्लीमनाबाद और समीप स्थल ग्राम हरदुआ के विभिन्नी कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री पटेल रविवार को प्रातः 10:30 बजे कार द्वारा ग्राम हरदुआ पहुंचेंगे और वहां आदिसेवा केन्द्र और प्रधानमंत्री आवास का अवलोकन कर हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद राज्यपाल स्लीममनाबाद कॉलेज परिसर में आयोजित जनसंवाद स्थल में स्वाइस्प्यट शिविर एवं प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। राज्यपाल सिकल सेल से पीड़ित व्यक्ति के अनुभव भी सुनेंगे। वे यहां विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी करेंगे। राज्यपाल दोपहर 12:10 बजे स्लींमनाबाद से कार द्वारा झिंझरी पुलिस लाईन स्थित हेलीपैड के लिए प्रस्थाःन करेंगे। वे यहां भोजन एवं विश्राम के बाद दोपहर 1:40 बजे हेलीकॉप्टेर द्वारा नरसिंहपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### हरदुआ की बदल गई तस्वीर

हरदुआ गाँव को आदि कर्मयोगी अभियान के तहत गाँव को चयनित किया गया है। राज्यपाल के आने से हरदुआ गाँव की तस्वीर ही बदल गईं। गाँव मै जहाँ वर्षो से आँगनबाड़ी भवन बनकर पूर्ण नहीं था, पीएम आवास अधूरा पड़ा था, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल नहीं पहुँच रहा था। सभी कार्य सप्ताह भर मै कर लिए गये है जिससे गाँव की तस्वीर बदल गईं ओर गाँव के निवासरत लोगों को लाभ मिल गया।

### 5 वर्ष पहले बने प्रधानमंत्री आवास को किया गया चका चक

राज्यपाल मंगुभाई पटेल हरदुआ गाँव मै पीएम आवास योजना के तहत बने पीएम आवास का जायजा लेंगे ओर लाभान्वित हितग्राही से संवाद करेंगे!राज्यपाल पीएम आवास की लाभान्वित हितग्राही मीरा बाई से संवाद करेंगे!मीराबाई को पीएम आवास योजना के तहत वर्ष 2019-20 मै योजना का लाभ मिला था ओर आवास बनकर तैयार हुआ था लेकिन इन पांच वर्षो मै पीएम आवास पूरी तरह पूर्ण नहीं हो पाया था!पीएम आवास भी छपाई का था जैसे ही यह तय हुआ की राज्यपाल को यही पीएम आवास दिखाना है तों आनन -फानन मै दो तीन दिनों मै पीएम आवास की छपाई करवा, रंग रोगन कर सीढ़िया बना चकाचक कर दिया गया साथ ही मीराबाई के घर का शौचालय भी नया कर दिया गया। वही 7 वर्षो से आंगनबाड़ी भवन अधूरा पड़ा था। जस तस करके ग्राम पंचायत ने आँगनबाड़ी भवन तों बनाकर पूर्ण कर दिया लेकिन भवन की छपाई नहीं की जा रही थी जैसे ही राज्यपाल का हरदुआ गाँव कार्यक्रम तय हुआ ओर उक्त आँगनबाड़ी केंद्र को ही आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र बनाने की बात आई वैसे ही ग्राम पंचायत ने फटाफट आँगनबाड़ी भवन की छपाई करवा रंग रोगन कर दीवार लेखन से सुसज्जित हो गया। वही स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा घर घर जाकर आभा आईडी बनाई गईं।

## संभागायुक्त, डीआईज़ी सहित कलेक्टर एवं एसपी ने लिया जायजा

**स्लीमनाबाद।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज 12 अक्टूबर को हरदुआ गाँव आएंगे। राज्यपाल के दौरे को लेकर प्रशासनिक अधिकारी अलर्ट मोड़ पर आ गये है। संभागायुक्त धनंजय सिंह, डीआईजी अतुल सिंह , कलेक्टर आशीष तिवारी ओर एसपी अभिनय विश्वकर्मा स्लीमनाबाद पहुंचें जहाँ चल रही तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर व एसपी आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र का निरिक्षण किया जहाँ उपस्थित अधिकारियों से राज्यपाल के लिए यहाँ उक्त कार्यक्रम की रुपरेखा के बारे मे जानकारी ली जिसमें बताया गया कि 12 अक्टूबर को पल्स पोलियो अभियान का आगाज होगा जिसमें राज्यपाल के हाथों आदिवासी समुदाय के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी ओर आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र का शुभारम्भ कराया जायेगा। इसके साथ पीएम आवास योजना के तहत बने आवास का निरीक्षण करेंगे। आदिवासी समुदाय के लोगों से करेंगे संवाद-इसके साथ ही राज्यपाल केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने आदिवासी समुदाय के लोगों से सीधा संवाद करेंगे। इसके लिए शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम स्थल बनाया गया।

## खबर संक्षेप

### अचानक लापता हो गई मासूम, पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बरछेका निवासी एक व्यक्ति अपनी पत्नी एवं 5 वर्षीय पुत्री के साथ शासकीय अस्पताल कटनी में इलाज कराने आए थे। अस्पताल परिसर में अत्यधिक भीड़भाड़ होने के कारण उनकी पुत्री अचानक भीड़ में गुम हो गई। परिजनों ने अस्पताल परिसर में काफी तलाश किया मगर बच्ची कहीं पता नहीं चला। घटना की सूचना थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय को प्राप्त होते ही उन्होंने तत्परता दिखाते हुए पुलिस स्टाफ को तत्काल अस्पताल भेजा तथा बालिका की खोजबीन एवं दस्तयाबी के लिए टीम को लगाया। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सर्च के दौरान शासकीय अस्पताल परिसर के बाहर बालिका को रोते हुए घूमते देखा गया। पूछताछ करने पर बालिका ने अपना नाम बताया। तत्पश्चात कोतवाली पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर बालिका को सकुशल उनके सुपुर्द किया। अपनी पुत्री के सकुशल मिलने पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### महापौर निवास में सुहागिनों ने की करवाचौथ की पूजा

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने करवाचौथ पर्व के अवसर पर निज निवास में आयोजित पूजन कार्यक्रम के दौरान नगर की मातृशक्तियों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर उनके सुखमय दांपत्य जीवन की मंगलकामनाएं दीं। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि करवाचौथ भारतीय संस्कृति का वह पावन पर्व है, जो नारी शक्ति के त्याग, समर्पण और प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व परिवारिक एकता, आपसी विश्वास और जीवनसाथी के प्रति अटूट आस्था का संदेश देता है। महापौर श्रीमती सूरी ने पूजन उपरांत उपस्थित सभी व्रतधारी महिलाओं को बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सौभाग्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान नगर की अनेक मातृशक्तियां शामिल रहीं और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न की गई।

### कांग्रेस ने निकाला कैंडिल मार्च, बच्चों को दी श्रद्धांजलि

**कटनी।** छिंदवाड़ा में ज़हरीली कफ़ सिरप से मासूम बच्चों की मौत को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी कटनी ने साधुराम स्कूल से सुभाष चौक तक कैंडल मार्च निकालते हुए मृत बच्चों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से तत्काल इस्तीफ़े की माँग की। कैंडल मार्च का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि "यह कोई साधारण हादसा नहीं, बल्कि सरकारी लापरवाही का नतीजा है। माता-पिता अपने बच्चों को खो चुके हैं और सरकार सफाई देने में व्यस्त है। सत्ता जब संवेदनहीन हो जाती है तो सबसे बड़ी कीमत जनता को चुकानी पड़ती है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या रांधेलिया ने कहा कि यदि सरकार ने समय पर जांच कर कार्रवाई की होती तो कई बच्चों की जान बचाई जा सकती थी। कांग्रेस की माँग है कि मृतक बच्चों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये मुआवज़ा दिया जाए।

### जिले में अब तक 1164.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 11 अक्टू बर तक कुल 1164.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। कटनी तहसील में 1217.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। रीठी में 1481.2 मिमी, बड़वारा में 1040 मिलीमीटर, बरही तहसील में 1053 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 999.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 1057 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1356.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1109 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

**13 एवं 14 अक्टूबर को घर घर जाकर पिलाई जाएगी दवाई**

# 0 से 5 साल तक के बच्चों को आज 1670 बूथों में पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के तहत 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक कुल 1670 बूथों में जिले के जीरो से 5 वर्ष तक के 1 लाख 73 हजार 418 बच्चों को पल्स पोलियो दवा की खुराक पिलाई जायेगी।कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने पालकों और अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी बूथ मे ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवायें।



कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पल्स पोलियों के अतिरिक्त चरण के अंतर्गत रविवार 12 अक्टूबर को जिले मे स्थापित सभी पोलियों बूथों पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। लेकिन अगर कोई बच्चा रविवार को दवा पीने से वंचित रहता है तो 13 एवं 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि अभियान के अंतर्गत कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे।

### पोलियो दवा पिलाने साढ़े तीन हजार कर्मी तैनात

बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने साढ़े तीन हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 3 हजार 354 स्वास्थ्य कर्मचारी तथा 162 सुपरवाइजर शामिल हैं। साथ ही 1670 बूथ बनाए गए हैं।उल्लेखनीय है कि जिले में पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के तहत 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक अभियान का आयोजन किया गया है। बूथ बी टाईप के 1386 , सी टाइप के 182 तथा 27 मोबाइल टीमों के 75 ट्रांजिट बूथों में जीरो से 5 वर्ष तक के 1 लाख 73 हजार 418 बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीनेशन की खुराक पिलाई जायेगी। अभियान के दौरान 43 फोर-व्हीलर वाहन एवं 242 टू-व्हीलर वाहन संलग्न होंगे।

जिले के मेला स्थलों, बाजारों,रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 75 ट्रांजिट बूथ स्थापित किए जा रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिये कि ‟एक भी बच्चा पोलियो दवा से वंचित न रहे‟, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे — ईंट भट्टे, क्रेशर स्थल,निर्माणाधीन क्षेत्र, घुमक्कड़ एवं झुग्गी बस्तियाँ, स्लम, पैरी-अर्बन और दुर्गम वनग्राम में 27 मोबाइल टीमें सक्रिय रूप से कार्य करेंगी।

## पशुपालकों की समस्याओं का किया गया निराकरण



मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप कटनी जिले में 2 अक्टू1बर से शुरू हुये दुग्धा समृद्धि संपर्क अभियान के तहत अधिकारियों ने जिले के 630 ग्रामों में पहुंचकर पशुपालकों से संपर्क कर पशुओं में नस्लअ सुधार, पशु स्वा स्थ्न्‍ु एवं पोषण के संबंध में जागरूक किया। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिला स्तुरीय नोडल अधिकारी एवं डिप्टीं कलेक्टषर श्री प्रदीप मिश्रा और सभी एसडीएम, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत सहित उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी ने ग्रामों में भ्रमण किया। पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग का मैदानी अमला के अलावा मप्र राज्य पशुधन निगम के प्रबंध संचालक डॉ. एस एन शुक्लाा, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. पंकज कपूर सहित संयुक्तन संचालक पशुपालन जबलपुर ने भी गांवों में पहुंचकर लोगों को पशुपालन के तौर-तरीकों से अवगत कराया। अभियान के दौरान पशुपालकों की समस्यांओं का भी निराकरण किया गया। पशुपालन विभाग के मैत्री और मैदानी अमले ने भी गांव-गांव भ्रमण किया।

# पल्स पोलियो अभियान के लेकर ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद विकासखण्ड में पल्स पोलियो अभियान आज 12 अक्टूबर से शुरू होगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर ब्लॉक टॉस्क फोर्स की बैठक शुक्रवार को बहोरीबंद मैं आयोजित की गई जिसमे एसडीएम राकेश चौरसिया ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चो को पल्स पोलियों दो बूंद जिन्दगी की खुराक दी जाएगी। टास्क फोर्स समिति के सदस्यों को अभियान में दी गई जिम्मेदारियों से अवगत कराया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को भी अभियान के सफल संचालन के लिये सुझाव भी दिये। बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार ने बताया कि बहोरीबंद विकासखण्ड में 0 से 5 वर्ष के लगभग 23 हजार 780 बच्चों को



पोलियो की दवा का सेवन कराया जाएगा।जिसके लिए विकासखण्ड अंतर्गत 280 बूथ बनाये गए है।साथ ही 36 सुपरवाइजर तैनात किये गए है जो पल्स पोलियो अभियान की मानिटरिंग करेंगे। पहले दिन बूथ स्तर पर तो 13 व 14 अक्टूबर को घर-घर दस्तक देकर छुटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस दौरान जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, परियोजना अधिकारी सतीश पटेल,बीईओ मनोज गर्ग, बीआरसी प्रशांत मिश्रा, बीसीएम डॉ रॉबिन गुप्ता, बीपीएम डॉ अरुण शुक्ला सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही। पल्स पोलियो अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद मैं बैठक आयोजित की गई। डॉ शिवम दुबे ने कहा कि पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पल्स पोलियों दो बूंद जिंदगी की खुराक दी जाएगी। दल मे शामिल कर्मचारी अभियान में जवाबदेही निभाए।

**शासकीय विद्यालय में साइबर जागरूकता का हुआ आयोजन**

# विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचने एवं हेल्प लाइन नंबरों की दी गई जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान साइबर व यातायात जागरूकता के तहत थाना एन.के.जे. के शास.हायर सेकेन्ड्री स्कूल मे जागरुकता का कार्यक्रम आयोजित कि गई।

शनिवार को पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शास.हायर सेकेन्ड्री स्कूल एन.के.जे. मे साइबर जागरुकता का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे मे उपस्थित शास.हायर सेकेन्ड्री स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक , छात्र,छात्राओ एवं स्कूल स्टाफ को थाना प्रभारी एन.के.जे. व साइबर स्टाफ के द्वारा सायबर अपराधियों द्वारा विभिन्न तरीकों से सायबर





फ्रॉड करने जैसे कि फिशिंग रैन्समवेयर (हमला, कार्ड क्लोनिंग, बैंक धोखाधड़ी, सोशल इंजीनियरिंग द्वारा धोखा आदि के बार में बताते हुए सायबर फ्रॉड से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय बताये जिसमें स्कूल स्टाफ,छात्र ,छात्राओ को सतर्क रहने के लिए संदिग्ध लिंक और ईमेल से बचने, अपनी ऑनलाइन खातों और कार्ड्स की सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, केवल आधिकारिक वेबसाइटों और ऐप्स का ही इस्तेमाल करने तथा सायबर सुरक्षा के उपायों को अपनाने और धोखाधड़ी से बचने के लिए हमेशा सतर्क रहने की समझाइस दी । साथ ही बताया गया कि यदि सायबर फ्रॉड का शिकार होते है, तो तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी जानकारी देने के साथ साथ अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन से सम्पर्क करें । सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे सुरक्षा उपायों का पालन करें और सायबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक रहें और अपनें लोगों को जागरुक करने के सम्बंध में बताया गया । साथ ही कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सडक दुर्घटना के रोकथाम हेतु विशेष अभियान के तहत जागरुक करने के निर्देश प्राप्त हुए है के परिपालन मे शास.हाई स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक , छात्र,छात्राओ एवं स्कूल स्टाफ को वाहन चलाते समय हेल्मेट लागने , शराब पीकर वाहन न चलाने के की समझाइस दी गई। कार्यक्रय मे छात्र, छात्राओ एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे ।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में धन धान्य योजना का लाइव प्रसारण दिखाया गया

# फसलों की उन्नत किस्मों एवं कृषि क्रियाओं की दी विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के सभागार में 11 अक्टूबर 2025 को जिले के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर पूसा, न्यू दिल्ली में आयोजित किसानों के लिए पीएम धन-धान्य योजना एवं अन्य लाभकारी योजनाएं जिसमें पशुपालन, मत्स्य पालन एवं कृषि संबंधित सभी जन कल्याण योजनाओं का शुभारंभ का लाइव प्रसारण दिखाया गया। केवीके के वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न योजनाओं एवं उनका लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से प्राकृतिक खेती, तथा रबी फसलों की उन्नत किस्मों, बीज उपचार एवं सभी कृषि क्रियाओं की




विस्तृत जानकारी दी गई।

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संजय वैशम्पायन के मार्ग दर्शन में कार्य क्रम किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा थे कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक डॉ आर के मिश्रा, डॉ आर पी बैन, डॉ संदीप चंद्रवंशी , उपसंचालक कृषि डॉ आर एन पटेल,परियोजना संचालक आत्मा श्रीमति अनुरिमा सेन ,सहायक संचालक रजनी चौहान एवं मनीष मिश्रा उपस्थित थे केंद्र के वैज्ञानिक ने अपने-अपने विषयों से संबंधित बारीकियों से अवगत करायापीएम मोदी ने शनिवार को रिमोट का बटन दबाकर 42 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने 24,000 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य 100 आकांक्षी जिलों में कृषि उत्पादन, सिंचाई, क्रेडिट, क्रॉप डायवर्सिफिकेशन और पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट में सुधार है। नई दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में पीएम नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय में वृद्धि, कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने दो प्रमुख योजनाओं 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' एवं 'दलहन आत्मनिर्भर मिशन' का शुभारंभ किया। इसके साथ ही कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन व खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़ी 1100 से अधिक परियोजना का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले एफपीओ, प्राकृतिक खेती अपनाने वाले कृषक, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों व एआई तकनीशियन को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

पीएम धन-धान्य कृषि योजना देश के 100 कम उत्पादकता वाले जिलों के समग्र विकास के लिए प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत जिलों का चयन किया गया है। 11 विभाग के 36 योजनाओं को एकीकृत कर इस योजना में प्रतिवर्ष लगभग 24 हजार करोड़ रुपए का कार्य किया जाएगा, जिससे किसानों को सिंचाई, फसल विविधीकरण, आसान ऋण व भंडारण सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। दलहन आत्मनिर्भर मिशन वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक 6 वर्ष की अवधि में 11 हजार 400 करोड़ रुपए के बजट के साथ संचालित होगा।

# शौर्य की प्रतिमूर्ति के रूप में जानी जाती है रानी दुर्गावती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारतीय इतिहास की नायिका रानी दुर्गावती की 501वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय तिलक महाविद्यालय में इतिहास संकलन समिति के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. आनंद सिंह राणा इतिहास संकलन समिति प्रांत उपाध्यक्ष एवं प्रांत महिला कार्य सह प्रमुख डॉ. सुमन यादव, तिलक कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई की गरिमामई उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समस्त अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया एवं कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉ. बाजपेई ने समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्हों ने बताया कि, किस तरीके से हमारे भारतीय नायक का जो मुख्य इतिहास है वह हम तक पहुंचाया ही नहीं गया, हमारे जननायकों के बारे में सभी युवाओं को जानना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेने चाहिए कि किस तरह से उन्होंने अपना समस्त जीवन देश एवं समाज के उत्थान में लगाया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. आनंद सिंह राणा ने रानी दुर्गावती के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि किस तरीके से गोंडवाना साम्राज्य की बागडोर रानी ने अपने हाथों में ली और अपने साम्राज्य को पुत्र स्वरूप फलीभूत किया। आगे उन्होंने बताया कि किस तरीके से रानी दुर्गावती अपने शौर्य की प्रतिमूर्ति के रूप में पूरे भारतवर्ष में जानी जाती हैं।

## खबर संक्षेप



### सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ व्रत

**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र मे करवा चौथ का व्रत आस्था व उल्लास पूर्वक मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए करवाचौथ का व्रत किया। सुहाग की सलामती के लिए दुल्हन के रूप में सजी-संवरी महिलाएं खुद किसी चांद से कम नजर नहीं आ रही थी। पति का आशीर्वाद पाने की ललक व दिन भर पति की लंबी आयु की कामना ही इन पत्नियों के दिन भर निर्जल व निराहार रहने में मददगार रही। शाम ढलते ही घरों में करवाचौथ पूजन की तैयारियां शुरू हुई। करवा माता की पूजा कर महिलाओं ने चंद्रमा का बिंब छलनी से देखा और उसे प्रणाम करते हुए अघ्र्य दिया और पति से जलग्रहण करने के बाद व्रत का पारण किया!नवविवाहितो मैं था उत्साह-करवाचौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं की शाम ढलते ही बेसब्री बढ़ गई। यह बेसब्री दो तरह की थी। एक पति परमेश्वर की प्रतीक्षा की तो दूसरा चांद को देखने की। नवविवाहिताओं में तो इस व्रत का खासा उत्साह था। करवाचौथ के मौके पर पतियों ने उपहारों की खरीदारी की और रात को पूजा के बाद उन्हें वे उपहार दिए। पतियों ने अपना सारा काम दरकिनार कर अपनी पत्नियों के न केवल मनोरंजन का ध्यान रखा, बल्कि पूजा में भी सहभागिता निभाई। 16 श्रंगार मे सजी महिलाओ ने सोशल मीडिया मे भी फोटो शेयर की।

### विद्यार्थियों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

**कटनी।** शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को प्राचार्य अजय शंकर पांडे के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ राम सुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विशेषज्ञ श्री दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक खेती के लिए पशुपालन के महत्व, देसी गाय के गोबर एवं गोमूत्र के जैविक खेती में उपयोग के विषय में बताया गया। उन्होंने देश में हरित क्रांति लागू होने के बाद कृषकों द्वारा असंतुलित मात्रा में रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग करने से भूमि, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरणको हो रहे नुकसान, भूमि में पोषक तत्व एवं लाभकारी जीवाणुओं के कमी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री दुबे ने बताया कि देसी गाय के प्रति ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ सूक्ष्म जीवाणु होते हैं। वहीं गोमूत्र में 33 प्रकार के तत्व पाए जाते हैं। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को 'कम लागत तकनीकी, जीरो बजट फार्मिंग' प्राकृतिक खेती की तकनीकी जानकारी भी दी गई और जैविक खाद एवं कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण संपन्न कराने में शिक्षक डॉ. धीरेंद्र कुमार अग्रवाल एवं व्यवसायिक शिक्षक का सहयोग रहा।

### छात्रों को दिया गया स्वदेशी अपनाने का मंत्र

**कटनी।** स्वदेशी विचारधारा के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को शैक्षणिक विमर्श के केंद्र में लाने के लिए पोस्ट मेट्रो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी के तत्वावधान में "स्वदेशी से स्वावलंबन" विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि "स्वदेशी का अर्थ केवल भारतीय वस्त्र या उत्पादों का प्रयोग करना नहीं, बल्कि यह अपने विचार, व्यवहार और आचरण में भारतीयता को आत्मसात करने की प्रक्रिया है। जब व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होता है।" दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. आशु मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि "स्वावलंबन तभी स्थायी हो सकता है जब वह स्वदेशी चिंतन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण दोनों पर आधारित हो।

---

### कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सराफा बाजार में हुई वारदात से बढ़ा आक्रोश

# चोरों ने ज्वेलर्स दुकान से लाखों के जेवरात किये पार, कैमरे भी तोड़े

### चोरी की बढ़ती वारदातों से सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल, पुलिस ने किया मौका मुआयना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में आए दिन कहीं न कहीं चोर वारदातों को अंजाम दे रहे लेकिन पुलिस चोरो को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। कोतवाली थाना अंतर्गत सराफा बाजार में चोरी की वारदात से सनसनी फैल गई। अज्ञात चोरों ने राधे ज्वेलर्स की दुकान में सेंध लगाकर डेढ़ किलो चांदी समेत लाखों के जेवरात पार कर लिए। घटना से व्यापारियों में भारी रोष है, वहीं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।



शहर और ग्रामीण इलाकों में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अभी तीन दिन पूर्व ही बरही में 20 लाख रुपए की चोरी के बाद अब चोरों ने कटनी शहर के सराफा बाजार को निशाना बनाया है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने सराफा बाजार स्थित राधे ज्वेलर्स की दुकान में सेंध लगाकर करीब डेढ़ किलो चांदी सहित अन्य जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, दुकान संचालक राधेश्याम सोनी रोजाना की तरह शुक्रवार रात दुकान में ताला लगाकर घर चले गए थे। इसी बीच रात में अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। बताया जाता है कि वारदात को अंजाम देने से पहले चोरों ने आसपास की दुकानों के सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए, ताकि उनकी गतिविधियां रिकॉर्ड न हो सकें। इसके बाद बड़ी सावधानी से दुकान में घुसे और जेवरात चोरी कर ले गए।

शनिवार सुबह जब संचालक राधेश्याम सोनी दुकान पहुंचे तो टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और आसपास के इलाकों में लगे कैमरों की जांच की जा रही है। टीम को मौके पर भेजा गया है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। दीवाली और धनतेरस से पहले सराफा बाजार में हुई इस चोरी की घटना से व्यापारियों में भारी रोष है। व्यापारी संगठनों का कहना है कि लगातार हो रही वारदातों से पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस की लापरवाही अब भारी पड़ने लगी है। सिर्फ रात में गश्त और सड़कों पर मार्च कर देने से अपराध नहीं रुकते। पुलिस को बीट सिस्टम मजबूत करना होगा, अपराधियों पर लगातार नज़र रखनी होगी और हर वारदात के बाद अपनी कार्यप्रणाली का मूल्यांकन कर कमियों को दूर करना होगा।

---



# केंचुआ खाद निर्माण का दिया प्रायोगिक प्रशिक्षण

### कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में प्राचार्या डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा छात्राओं को 'कम लागत तकनीकी, जीरो बजट फार्मिंग' एवं प्राकृतिक खेती के अंतर्गत आत्मनिर्भर बनने एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ग्राम में उपलब्ध संसाधनों से केंचुआ खाद निर्माण की तकनीकी जानकारी देते हुये केंचुआ खाद निर्माण का प्रयोग प्रदर्शन किया गया। साथ ही छात्राओं को केंचुआ खाद का फसलों में उपयोग का तरीका बताया गया।

प्रशिक्षण के दौरान ग्राम में केंचुआ खाद बनाकर खेतों में डालने, अतिरिक्त खाद का विक्रय करके अतिरिक्त लाभ अर्जित करने तथा कृषि को लाभ का धंधा बनाने की जानकारी दी गई। साथ ही केंचुआ खाद में पाये जाने वाले पोषक तत्वों, केंचुआ खाद का उपयोग से कृषकों को होने वाले लाभ और पर्यावरण की दृष्टि से लाभ की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान केंचुआ खाद से केंचुआ को अलग करने की विधि बताई गई तथा यह भी बताया गया कि केंचुआ खाद में 20 फीसदी नमी होना आवश्यक है। प्रायोगिक प्रशिक्षण के समय प्राध्यापक डॉ. साधना जैन, डॉ. रोशनी पांडे सहित स्टाफ तथा छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

### संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# हिंदू समाज का संगठन ही राष्ट्र निर्माण का आधार है, संघ का एकमात्र उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक ही उद्देश्य है ₹भारत माता की जय₹ अपने भारत की विश्व में जय जय कार होनी चाहिए, विश्व में अग्रणी स्थान मिलना चाहिए यह किसी प्रतिस्पर्धा के लिए नहीं है यह अपने सत्य और योगदान के लिए है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका भारत को विश्व के योगदान के लिए तैयार करना है। हमारे कार्य पद्धतिके दो प्रमुख भाग हैं पहला भाग है संस्कारित मनुष्य तैयार करना और दूसरा है उन संस्कारित मनुष्यों को सामाज हित के कार्यों में लगाना। उक्त आशय के उद्गार कटनी जिला के बरही नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के एकत्रीकरण



में सतना विभाग कार्यवाह अमित कनकने ने मुख्यवक्ता की आसंदी से व्यक्त किए उन्होनें आगे कहा कि संघ स्थापना विजयादशमी में हुई।

विजयादशमी का पौराणिक महत्व है, सतयुग द्वापर त्रेता कलियुग चारों युगों की कहानी के माध्यम से बताया, साथ ही शाखा को व्यक्ति निर्माण का केंद्र, फिर उन्हीं व्यक्तियों के माध्यम से पंच परिवर्तन से अपना राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप महतेल ने कहा संघ के 100 वर्ष होने पर संघ ने सेवा कार्यों के माध्यम से अपनी विशेष पहचान बनाई है मंच पर बरही संघ चालक डॉक्टर जिनेंद्र द्विवेदी भी मंचासीन रहे स्वयंसेवकों ने विजयदशमी उत्सव के अवसर पर गुणवत्तापूर्ण संचलन किया जो शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय से प्रारंभ होकर सेंट्रल बैंक होते हुए राम मंदिर सरस्वती विद्यालय के सामने से मुख्य बाजार होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ। बरही नगर की मातृशक्ति एवं प्रबुद्ध जनों ने पथ संचलन का पूरे मार्ग में स्वागत किया। कार्यक्रम में सह जिला कार्यवाह सिद्धार्थ सिंह बघेल ,नगर कार्यवाह नीरज त्रिपाठी एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक रहे। उल्लेखनीय है कि शताब्दी वर्ष पर पूरे जिले में 136 स्थान पर कार्यक्रम हो रहे हैं आज 12 अक्टूबर को कटनी नगर का वृहद संचलन एवं एकत्रीकरण का कार्यक्रम है जो एक साथ तीन स्थान सेक्रेड हार्ट विद्यालय, निर्मल सत्या गार्डन और लाल परेड ग्राउंड से 3 बजे प्रारंभ होकर के फॉरेस्टर प्लेग्राउंड पर समापन होगा।

---

### विविध जागरूकता शिविर दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में अमीरगंज टेगौर वार्ड आंगनवाड़ी केंद्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आई .टी .एक्ट) तथा इंटरनेट का सावधानीपूर्वक और सुरक्षित उपयोग से साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। वहीं हर्षित बिसेन, जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित घरेलू हिंसा अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया और महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा हेतु कानूनी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को नि :शुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं विधिक साक्षरता से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए जिनका समाधान अधिकारियों द्वारा किया गया।

---

# पौष्टिक आहार की दी गईं जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समीपस्थ ग्राम पंचायत कैमोरी मै राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया!आँगनबाड़ी केंद्र में रंगोली से सजावट कर और पोषण युक्त तत्वों से पोषण मटका तैयार किया गया जहाँ आगनवाड़ी कार्यकर्ता ने महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित पोषक तत्व खाने चाहिए। इससे बच्चा स्वस्थ और रोगों से दूर रहेगा। इसलिए खाने में प्रतिदिन पोषक तत्व घर में जरूर खिलाएं। आगनवाड़ी पहुँची महिलाओं और बच्चों का वजन भी किया गया। उनकी जांच की गई। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।पर्यवेक्षक प्रिया नंदवार के द्वारा पोषण अभियान की थीम अनुसार



स्थानीय उत्पादों, खिलौनों व पौष्टीक खाद्य पदार्थो के बारे जागरूक किया गया। साथ ही स्वयं निर्मित स्वदेशी खिलौने व स्थानीय व्यंजनों का प्रचार -प्रसार करने कहा। स्थानीय पौष्टीक खाद्य पदार्थो का सेवन बच्चों को कराये व आप स्वयं करें जिससे शरीर स्वास्थ्य रहेगा। महिलाओं को उनके बच्चों की वृद्धि ,निगरानी और विकास के बारे में समझाया गया।पोषण युक्त खाद्य पदार्थों को एकत्रित कर पोषण मटका तैयार किया गया। बच्चों की स्थिति कमजोर और कुपोषित होने पर बच्चों को एनआरसी में भर्ती करने की समझाइश दी।

स्वास्थ्य देखभाल को लेकर महिलाओं को जागरुक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम मे स्थानीय पौष्टीक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गईं। साथ ही कार्यक्रम के अंत मे मानव श्रंखला बनाकर पोषण को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि ओर आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका ओर महिलाओं की उपस्थिति रही।

---

### गोद ग्राम कनौर में जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

# रैली एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन कर एड्स के प्रति लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व मे राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवको एवं विद्यालय के विद्यार्थियों के सहयोग से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए गोद ग्राम कनौर में एच.आई.वी. एड्स के प्रति जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों ने गोद ग्राम कनौर में रैली एवं अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को एच.आई.वी. एड्स के प्रति जागरुक किया गया। स्वयंसेवकों ने रैली



निकालकर एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन कर बताया कि लोग किन-किन कारणों से एड्स जैसी घातक बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। साथ ही लोगों को जागरूक करने का प्रयास करते हुए एड्स से बचने के उपाय भी बताये।

कार्यक्रम मे डॉ. अरविन्द सिंह ने एचआईवी वायरस और उसमें होने वाली वृद्धि की वजह से मनुष्यों में होने वाली विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए एचआईवी वायरस और उसमे होने वाली वृद्धि की वजह से मनुष्यों में होने वाली समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि एड्स के बारे में समाज में मौजूद गलत अवधारणा के कारण इसकी रोकथाम में भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, क्योंकि लोग खुलकर एड्स बीमारी के बारे में बात नहीं करते हैं। जिस कारण इससे बचाव भी नहीं हो पाता है साथ ही एड्स को लेकर हमारे समाज में कई मिथक हैं, जिनके बारे में लोगों में जानकारी की काफी कमी है। एड्स कैसे फैलता है, इससे बचाव के तरीके, इसके टेस्ट, इससे जुड़े मिथक से संबंधित जानकारी दी गई। सहायक सचिव अनंत नारायण सोनी ने पूरे समाज को एक-जुट होकर एड्स से लड़ने के लिए जागरुकता अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई।

जागरुकता अभियान में डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, सहायक सचिव अनंत नारायण सोनी आदि की उपस्थिति रही।

---

### कोदो एवं कुटकी के पंजीयन हेतु बनाए गए हैं 11 केंद्र

# समर्थन मूल्य पर कोदो व कुटकी विक्रय के लिए 24 अक्टूबर तक होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार द्वारा रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत श्रीअन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कटनी जिले में कोदो एवं कुटकी उपार्जन किया जाना है। इसके लिए किसान भाई ई-उपार्जन पोर्टल पर 10 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2025 तक कोदो एवं कुटकी का पंजीयन करा सकते हैं।

कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने किसानों से आग्रह किया है की, राज्य शासन द्वारा निर्धारित समय में किसान भाई पंजीयन अवश्य करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है।

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर कोदो एवं कुटकी पंजीयन हेतु कटनी तहसील में सहकारी विपणन समिति मर्यादित को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति विजयराघवगढ़ एवं सिन्गौडी, रीठी तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रीठी एवं बकलेहटा तथा बरही तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिपरिया कला को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। जबकि बड़वारा तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बड़वारा एवं विलायतकला, ढीमरखेड़ा तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति झिन्ना पिपरिया एवं सिलौडी तथा स्लीमनाबाद तहसील में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति स्लीमनाबाद को पंजीयन केंद्र निर्धारित किया गया है।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर तथा एम.पी. किसान एप पर भी की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोट पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

सिकमी,बटाईदार,कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा।

उपार्जित फसल के भुगतान हेतु बैंक खाता

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

आधार पंजीयन केन्द्रों में आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट कराया जा सकता है।इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है। आधार नंबर से बैंक खाता लिंक कराने के लिए बैंकों के साथ भी समन्वय आवश्यक होगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन हेतु पंजीयन के दौरान ही 1 रूपये का ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम द्वारा ई-उपार्जन,जेआईटी पोर्टल के माध्यम से कराया जाएगा।

---

# ग्रेडिंग में सुधार लाने सीईओ को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण तत्परता पूर्वक कराएं। शिकायतकर्ता की शिकायत को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए समस्याओं का समाधान और ग्रेडिंग में सुधार लाया जाना सुनिश्चित करें। इस प्रकार के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारियों को दिए।

सुश्री कौर ने वन टू वन जनपद पंचायत बड़वारा की सीईओ सुश्री प्रभा तेकाम से समीक्षा प्रारंभ करते हुए सभी जनपद पंचायतों के सीईओ से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गत दिवस प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण करते हुए बंद कराई गई शिकायतों की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिन बाद शिकायतों के निराकरण की प्रगति की पुनः समीक्षा की जाएगी इसलिए सभी अधिकारी बेहतर कार्य योजना बनाकर अपनी टीम के सहयोग से अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण कराएं।

#### फोर्स क्लोज के प्रस्ताव भेजें

समीक्षा करते हुए सुश्री कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं पंचायती राज,मनरेगा एवं अन्य प्रकार की लंबित शिकायतों का सभी जनपद पंचायत के सीईओ प्रॉपर मॉनिटरिंग करते हुए भली भांति परीक्षण कर फोर्स क्लोज के प्रस्ताव भेजें। ऐसे प्रस्ताव प्रेषित करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए।

## खबर संक्षेप

### बहुजन समाज पार्टी ने विभिन्न जन समास्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** जिले भर के बहुजन समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने 10 अक्टूबर को कलेक्टर में ज्ञापन सौपा ज्ञापन के माध्यम से बहुजन समाजवादी पार्टी ने बताया की एससी एसटी ओबीसी के करीब किसानों को खाद नहीं मिल रही है अजयगढ़ में हुए तोहरे हत्याकांड आज तक अपराधी नहीं पकड़ा गया, गढोखर में चैधरी के लड़के का शव मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई परिजनों को थाने से भगा दिया गया सुनवानी थाना क्षेत्र के मनपुरा में एक लड़के की आंखें निकाल कर पेड़ पर टांग दिया गया जिसका खुलासा आज तक नहीं हुआ, बिजावर ग्राम के अहिरवार लड़के की जेल हिरासत में हत्या कर दी गई जिसका खुलासा आज तक नहीं हुआ ग्राम बछरवारा में सुखलाल चैधरी की ब्राह्मण लड़के द्वारा हत्या कर दी गई,थी मृतक के परिजनों को सहायता राशि प्रदान करवाई जाए अनुसूचित जाति की 70 वर्ष पुरानीबस्तियों में दबंगों द्वारा अवैध पट्टे दिलाकर बस्तियां खाली कराने की धमकियां दी जा रही है जैसे तिघरा बुजुर्ग बेली हिनौती सिंघौरा विष्णु मानिकपुर शामिल है अनुसूचित जनजाति बास्तियो में श्मशान घाट की व्यवस्था कराई जाए आदिवासियों की जमीन के वन भूमि के पट्टे वितरण किया जाय किसानों को ग्राम पंचायत की दुकानों में खाद उपलब्ध कराई जाए राजापुर में सीलिंग एक्ट के तहत विस्तृत की गई जमीनों से कब्जा हटाकर गरीबों को दी जाए ग्राम खम्हारिया में दुर्गा विसर्जन के समय हुई दुर्घटना में मौत के मृतक परिवार लोगों जनों को सहायता राशि दिलाई जाए।

### तेज रफ्तार मोटर बाइक असंतुलित होकर गिरी, तीन घायल

**अमानगंज** - पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज - सिमरिया सड़क मार्ग पर बीती रात एक तेज रफ्तार मोटरबाइक बाईपास के पास एक हाइवा से टकराते- टकराते बच कर सड़क के नीचे उतर कर असंतुलित हो कर दुर्घटना का शिकार हो गई । जिसमें तीन लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में ईलाज हेतु दाखिल कराया गया। जिनका प्राथमिक उपचार कर एक को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। घटना में घायल हुये घायलों के नाम रामू पिता हल्के कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी मढिया कला, हेना पिता राजू कुशवाहा उम्र 22 वर्ष एवं राजू कुशवाहा पिता सुंदर लाल उम्र 50 वर्ष सभी निवासी मढिया कला बताए गए, जो अपनी रिश्तेदारी से निजी काम निपटा कर अपने घर लौट रहे थे।

जिलेभर में बन रहे लाखों दीये, भोपाल तक है मांग

# दीपोत्सव की तैयारियों में जुटे कुम्हार भाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दीपोत्सव का पर्व नजदीक आते ही मिट्टी की खुशबू से गलियां महक उठी हैं। जहाँ एक ओर लोग अपने घरों की साफ-सफाई और सजावट में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर मिट्टी के कारीगर दिन-रात मेहनत कर पारंपरिक दीपक तैयार करने में लगे हैं। इन कारीगरों के घरों में इस समय हर कोना "चाक" की खनक और सूखती मिट्टी की सौंधी सुगंध से भर गया है। बनवार रोड, सगरा, चिलोद, बम्होरी चौपरा, जबेरा, राजा पटना और मनका सहित जिलेभर के कुम्हार परिवार दीपोत्सव की तैयारियों में व्यस्त हैं। कहीं पुरुष चाक पर दीपक, कलश और हवन कुंडियाँ बना रहे हैं, तो कहीं महिलाएँ और बच्चे सूखे दीयों पर रंग और डिजाइन उकेर रहे हैं। यह काम अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीविका और उम्मीद का पर्व बन चुका है।पुरुष वर्ग सुबह से देर रात तक चाक घुमाकर पूजन सामग्री तैयार करता है, जबकि महिलाएँ व बच्चे रंगाई, सुखाने और पैकिंग के काम में जुटे रहते हैं। कुम्हार परिवारों के लिए दीपावली का यही समय साल भर की सबसे बड़ी आमदनी लेकर आता है।

#### एक माह पहले से शुरू होती है मेहनत

पुरानी बनवार निवासी रूपलाल कुम्हार बताते हैं कि दीपोत्सव की तैयारी वे गणेशोत्सव के तुरंत बाद शुरू कर देते हैं। पहले खेतों से मिट्टी लाते हैं, उसे छानते और गूंथते हैं। फिर जैसे ही धूप खुलती है, हम दीपक बनाना शुरू कर देते हैं, वे बताते हैं। वहीं रोड निवासी रज्जन कुम्हार कहते हैं कि उनके परिवार ने इस बार लगभग 20 हजार दीपक तैयार किए हैं। पूजा के लिए कलश, हवन कुंडी और अन्य मिट्टी की सामग्री भी बनाई जा रही है। उनका अनुमान है कि दीपोत्सव तक 40 से 50 हजार रुपए का व्यापार हो जाएगा। "जब दूसरों के घर रोशन होंगे, तब हमारे घरों में भी खुशियों के दीप जलेंगे," वे मुस्कुराते हुए कहते हैं।

#### दीपक जलाना पंच तत्वों का सम्मान

पंडित ऋषिकांत गर्ग बताते हैं कि दीपावली पर्व के दौरान सुख-समृद्धि की कामना और उल्लास प्रकट करने के लिए पांच दिनों तक दीपक जलाने की परंपरा है। अग्नि पुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण, देवी पुराण, उपनिषदों तथा वेदों में भी गाय के घी और तिल के तेल से दीपक जलाने का विधान बताया गया है। उन्होंने कहा कि मिट्टी का दीपक पंच तत्वों का प्रतीक है — मिट्टी को पानी में गूंथकर बनाया जाता है, जो भूमि और जल तत्व का प्रतीक है; उसे धूप और हवा में सुखाया जाता है, जो आकाश और वायु तत्व का प्रतीक है; और अंत में आग में तपाया जाता है, जो अग्नि तत्व का प्रतीक है। इस तरह एक छोटा-सा दीपक प्रकृति के पाँचों तत्वों को सम्मान देने का माध्यम बन जाता है।

#### भोपाल तक पहुँच रही पारंपरिक दीयों की मांग

दमोह जिले के कुम्हार परिवारों द्वारा बनाए गए पारंपरिक मिट्टी के दीये अब सिर्फ स्थानीय बाजारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि भोपाल सहित प्रदेश के अन्य शहरों में भी भेजे जा रहे हैं। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, लोग अब स्वदेशी मिट्टी के पारंपरिक दीये खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे कुम्हारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और मिट्टी कला को नया जीवन मिला है। यही वजह है कि इन क्षेत्रों से ट्रकों में लदे दीये भोपाल और आसपास के महानगरों तक पहुँचाए जा रहे हैं। स्थानीय करीगर" कहते हैं मिट्टी में बसती है सृजन की ताकत, और उसी में जलती है उम्मीद की लौ।

## यातायात पुलिस ने छात्र छात्राओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

थाना यातायात परिसर में थाना यातायात द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय, पीजी कॉलेज एवं एकलव्य महाविद्यालय के 225 NCC छात्रों को एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक पुलिसिंग नोडल अधिकारी सुजीत सिंह भदौरिया (अपुअ दमोह) , रनि दलबीर सिंह मार्को (प्रभारी यातायात) एवं प्रआ राकेश आठ्या (साइबर सेल) ने यातायात नियमों के पालन, बाल अपराधों एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षित किया। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में समय समय पर युवा छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं आम जनों को पुलिस गतिविधियों, अपराधों एवं क़ानून व्यवस्था के संबंध में जागरूक किया जाता है। इसी के तहत आज दिनांक को थाना परिसर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की नागरिकों द्वारा की गई मदद के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही प्रोत्साहन योजनाओं जैसे राहगीर योजना, कैशलेश योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजनाओं के संबंध में जानकारी भी दी गई। जिसमें रनि दलबीर सिंह मार्को ने बताया कि राहगीर योजना अंतर्गत दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने पर शासन द्वारा 25000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है एवं कैश लैस योजना अंतर्गत गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए 07 दिवस के अंदर डेढ़ लाख रुपए तक कैश लैस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है जबकि हिट एंड रन प्रतिकर योजना अंतर्गत दुर्घटना में गंभीर घायलों को 50,000 रुपए एवं मृतक को 2,00,000 रुपए की सहायता मृतक के वारिसान को दी जाती है। कार्यक्रम उपरांत प्रश्नोत्तरी संवाद भी आयोजित किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने दिए गए प्रशिक्षण के संबंध में छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए।

## भागवत कथा सुनने से भगवान के प्रति गहरी आस्था बढ़ती है -आशीष गुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर



सिंग्रामपुर मे स्वर्गीय श्री बाला प्रसाद जी पटेल की प्रथम पुण्यतिथी में सुनील पटेल के यहां चल रही श्री मद्भागवत भागवत कथा मे कथावाचक पंडित श्री आशीष गुरु कृष्णचरणानुरागी जी ने तृतीय दिवस की कथा मे बताया कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति के आध्यात्मिक विकास के साथ भगवान के प्रति गहरी आस्था बढ़ती है। उन्होंने सती प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं। वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान तो नहीं हो रहा है। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। ध्रुव चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के अपमानित करने पर भी उनकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य-संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव के तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाया। कहा कि भक्ति के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बना सकते हैं, अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने आते हैं ।

## नाट्य कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवोदित कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



रंगमंच के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युवा नाट्य मंच द्वारा एक माह की प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला का आयोजन मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के सहयोग से स्थानीय शिल्पी नाट्य गृह में किया जा रहा है। इस नाटक कार्यशाला में मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित दो रंगकर्मी भोपाल से आए रोहित खिलवानी और आसाम से आए विशाल बरुआ कार्यशाला में भागीदारी करने वाले प्रतिभागियों के लिए लगातार रंगमंच के अलग-अलग विषयों का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। यह नाट्य कार्यशाला रंगमंच में रुचि रखने वाले नवोदित कलाकारों के लिए अत्यंत लाभप्रद साबित हो रही है। इस कार्यशाला में दोनों कलाकारों द्वारा रंगमंच के भिन्न-भिन्न पक्षों की जानकारी दी जा रही है जिनमें स्पीच, स्वर अभ्यास, अभिनय, संगीत, स्वतः स्फूर्त अभिक्रिया, नाट्य पाठ, कविता पाठ जैसे रंगमंच के अनेक अभ्यासों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे नवोदित कलाकारों की रंगमंच के प्रति अभिरुचि जागृत हो ताकि आने वाली पीढ़ी इस कला को जीवित रखने को उद्देश्य से भविष्य में रंगमंच कर सके। एक माह की इस नाट्य कार्यशाला के समापन अवसर पर एक नाट्य प्रस्तुति का मंचन भी होगा जिसमें मूल रूप से प्रतिभागी कलाकारों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं स्वतः स्फूर्त अभिक्रियायो के द्वारा स्वयं को परिमार्जित किया है। इस कार्यशाला में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष राजीव अयाची ने बताया कि संस्था द्वारा पूर्व में भी अनेक रंगमंचीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। यह एक माह की यह कार्यशाला रंगमंच को पुष्ट करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपयोगी है। इस कार्यशाला के दमोह में आयोजन के लिए उन्होंने मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव ने विशेष अभिरुचि दिखाई है ताकि बुंदेलखंड के कलाकारों को मंच प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के समापन 15 अक्टूबर को किया जायेगा जिसमें कलाकार नाट्य प्रस्तुति देगे।

## बीमार व्यक्ति को भिजवाया अस्पताल



**दमोह।** गैसाबाद में एक असहाय व्यक्ति के बीमारी की हालत में होने की सूचना पर नायब तहसीलदार शिवराम चढार ने एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से व्यक्ति को गैसाबाद से शनिवार सुबह 11 बजे हटा सिविल अस्पताल हटा भेजा गया जहां उसका उपचार देखरेख जारी है। दरअसल मानसिक रूप से कमजोर और मूक बधिर बताया गया यह व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से गैसाबाद में होने की सूचना अधिकारियों को मिली थी, जिसके परिजनों के बारे में कोई जानकारी नही मिलने पर नायब तहसीलदार ने समाजसेवियों के सहयोग से आज अस्पताल भेजा।

## दमोह से द्वारकाधीश यात्रा में 196 यात्रियों द्वारा की गई यात्रा

**दमोह।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत दमोह से द्वारकाधीश यात्रा 05 से 10 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण की गई जिसमें दो सो यात्रियों का रेंडमाईजेशन के माध्य म से चयन किया गया था, जिसमें से 04 यात्रियां द्वारा यात्रा नही की गई जिनके यात्रा कार्ड धर्मस्व शाखा कलेक्टे्र ट में जमा किये गये । यात्रा के दौरान एस 7 कोच के सीट नंबर 65 पर यात्री कड़ोरी साहू हिण्डो रिया निवासी का चयन हुआ था एवं उनके सहयोगी के रूप में पवन साहू को चुना गया था, जिसमें कड़ोरी साहू के अनुपस्थिति रही, परन्तु उनके सहयोगी पवन साहू यात्रा के लिये उपस्थित हुये । नियमानुसार मूल यात्री के यात्रा न करने की स्थिति में सहयोगी की यात्रा निरस्तह की जाती है तदानुसार पवन साहू को यात्रा करने हेतु जारी यात्रा कार्ड जब्त कर यात्रा में शामिल नही किया गया। इसी प्रकार यात्री भारती साहू निवासी हटा एवं यात्री शारदा प्रसाद निवासी दमोह के द्वारा यात्रा न करने की स्थिति में अपना यात्रा कार्ड वापिस किया गया । इस प्रकार 200 में से वैध 196 यात्रियों द्वारा यात्रा की गई। यात्रा में पर्यवेक्षक के रूप में राजस्व निरीक्षक हटा रतिराम अहिरवार, उपयंत्री शरद खरे, राजस्वस निरीक्षक अभिषेक जैन एवं पटवारी हरिओम सोनी अनुरक्षक के रूप में यात्रा में सम्मिलित होकर अपनी सेवाएं दी और यात्रा को सफल किया।

## स्वच्छता के लिए अभी बहुत कुछ होना शेष है- विधायक श्री मलैया

**स्वच्छता संबंधी कार्यशाला स्थानीय बेलाताल स्थित ऑडिटोरियम में संपन्न हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले की सभी नगरीय निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं नगरीय क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु सुझाव एवं सहभागिता के अंतर्गत पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया के मुख्य आतिथ्य में एक कार्यशाला का आयोजन स्थानीय बेलाताल स्थित ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। कार्यशाला में नगर पालिका परिषद पथरिया के अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा और नगर पालिका परिषद तेन्दूखेड़ा अध्यक्ष सुरेश जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, रमन खत्री, कविता राय, यशपाल सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह ठाकुर सहित पार्षद गण एवं गणमान्य नागरिक सम्मानीय मीडियाजन मौजूद थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा बधाई देना चाहता हूँ कि स्वच्छ भारत मिशन के नाम से स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों केलिए काम किया जा रहा है, काम करने की क्षमता और काम करना व काम करने की क्षमता को बढ़ाना, मैंने इंदौर को देखा है जब यह नगरीय प्रशासन विभाग मेरे ही पास था, इंदौर नंबर एक नगर निगम ने नहीं बनाया है वहॉ की जनता का भी सहयोग रहा है, पार्षदो की सहभागिता रही है।

उन्होने कहा कि सकारात्मक भाव यह है कि हमको बेहतर होना है और हम बेहतर हुए भी है, केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा करोड़ो शौचालय का निर्माण करवाया गया है, तो हम कह सकते है कि स्वच्छता के लिए काम हुआ है परंतु अभी बहुत कुछ होना शेष है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि स्वच्छता को लेकर सर्वे होने वाला है, जैसे कि सभी जानते है कि पिछले कुछ सालो से हमारी रैंकिग अच्छी नही रही है, पिछले वर्ष हटा को छोड़कर कोई भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था, इसलिए हम चाहते थे कि अगले सर्वेक्षण के लिए तैयारियां अभी से शुरू करें। आज सबको यह बताने की कोशिश की है कि देखिए 12,500 अंक हैं और यह अंक का सर्वे किस तरीके से किया जाता है, किस-किस कैटेगरी में कितने-कितने अंक दिये जाते हैं और सर्वे कार्य के समय क्या-क्या चीजें देखनी पड़ती हैं, तो अभी यह शुरुआत है और आगे इसको और बड़े पैमाने पर किया जायेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने सभी नगर पालिका परिषदों के अध्यक्षो और पार्षदो से कहा कि जिस तरीके से दमोह को गंदगी में स्थान प्राप्त हो जाता है, इससे हमको बचना है, हमको उत्कृष्ट स्थान सफाई और दमोह जिले के विकास में प्राप्त करना है, इसके लिए हम सबको एक दिशा में काम करना होगा। मतभेद और पार्टी भेद भुलाकर हम सभी लोग सफाई अभियानो में एक साथ जुटेंगे यही मैं आशा रखता हूॅ।

नगर परिषद अध्यक्ष पथरिया सुंदरलाल विश्वकर्मा ने कहा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर का प्रयास बहुत ही प्रेरणादायक रहा है, आज हम सब एक संकल्प लेकर जा रहे है एक-एक वार्ड, जनप्रतिनिधि, जनता तक यह बात पहुंचायेंगे कि स्वच्छता मानव जीवन में बहुत जरूरी है, यह बहुत ही कारगर कार्यशाला आयोजित हुई है।

नगर परिषद अध्यक्ष तेंदूखेड़ा सुरेश जैन ने कहा मेरी सोच रहती है कि मुझे सेवा का कार्य करना है चाहे वह किसी भी रूप में हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्वच्छता का संदेश जन-जन को दिया है और स्वच्छता को लेकर हम सभी संकल्पित है।

पार्षद कविता राय ने कहा कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और उनके समस्त सहयोगियो को धन्यवाद ज्ञापित करती हूॅ कि उन्होने जनप्रितिनिधियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया, यह कार्यशाला और पहले आयोजित हो जाती, लेकिन देर आये दुरूस्त आये, कलेक्टर श्री कोचर का दमोह को सुंदर और स्वच्छ बनाने का जो प्रयास है। नगर पालिका परिषद दमोह के ब्रांड एम्बस्डर हरीश पटेल ने कहा कि नगरपालिका और प्रशासन अपना कार्य कर रहे है, उम्मीद है कि कार्य का परिणाम इस वर्ष अच्छा निकलेगा, उसी संबंध में सुझाव और सहभागिता कार्यशाला आयोजित की गई है। इस अवसर पर पार्षदगणों और इस कार्य से जुड़े अधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान परियोजना अधिकारी कपिल खरे और अन्य अधिकारियों ने पॉवर पाइंट के माध्यम से विस्तार से प्रजेंटेशन दिया।

## हटा को स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान मिलने पर किया सम्मानित



**हटा।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले की सभी निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं नगरीय क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु सुझाव एवं सहभागिता के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बेलाताल स्थित ऑडीटोरियम में आयोजित की गई। जहां कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि स्वच्छता को लेकर सर्वे होने वाला है, जैसे कि सभी जानते है कि पिछले कुछ सालो से हमारी रैंकिग अच्छी नही रही है, पिछले वर्ष हटा को छोड़कर कोई भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था, इसलिए हम चाहते थे कि अगले सर्वेक्षण के लिए तैयारियां अभी से शुरू करें। कलेक्टर द्वारा जिले के अपनी निकाय के समस्त जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं पार्षदगणों को उक्त कार्यशाला में आमंत्रित किया गया जिसमें आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण जिले की रैंकिंग सुधार हेतु कार्यशाला एवं सुझाव लिए गए तथा स्वच्छता सर्वेक्षण जिले में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर नगर पालिका हटा के तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र कुमार खरे, स्वच्छता नोडल अधिकारी दीपक श्रीवास्तव, सहायक कुलदीप पटेल एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सनत सिंह, प्रभारी रणप्रताप सिंह, बलराम सोनी तथा नगर पालिका से कर्मचारियों सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम दमोह विधायक जयंत मलैया, श्याम शिवहरे एवं जिले के सभी नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद गण एवं जिले का अभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

हरिभूमि
# दमोह भूमि

10

जबलपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025

login : www.haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### प्राचीन गिरजाघर भवन उपयोग में लाये जाने मिली स्वीकृति

**दमोह।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भारत सरकार के शासकीय कार्यालय स्थापित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने श्राज्य संरक्षित स्मारक प्राचीन गिरजाघर भवनश् नजूल अधिकारी दमोह के मत से सहमत होते हुये अस्थाई तौर पर आगामी आदेश तक उपयोग में लाये जाने के लिये निर्धारित शर्तो के अधीन नि:शुल्क उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की है।

### 3000+ B2B मीटिंग्स से नए निवेश, साझेदारी और रोजगार के अवसर


**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक भोपाल में होने वाला मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025 का आयोजन दुनिया भर के 27 देशों के 700 से अधिक पर्यटन विशेषज्ञों, विदेशी और घरेलू टूर ऑपरेटरों, फिल्म निर्माताओं और निवेशकों को एक साथ ला रहा हैं। यह ट्रैवल मार्ट होटलियर्स, ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स और होमस्टे संचालकों के लिए बड़े अवसरों के द्वार खोलेगा। 3000 से अधिक B2B मीटिंग्स के माध्यम से नए निवेश, साझेदारी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### छोटा भाई किनारे देखता रह गया, माता-पिता मजदूरी करने गए थे भोपाल

# नहाने गया मासूम, तलैया में डूबा परस्वाहा में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





नोहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनवार चौकी के ग्राम परस्वाहा में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। घर के पास बनी पुरानी तलैया में नहाने गए 10 वर्षीय सत्यम अहिरवार पिता नंदराम अहिरवार की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सत्यम अपने छोटे भाई के साथ सुबह करीब 9 बजे नहाने के लिए तलैया पहुँचा था। छोटा भाई किनारे खड़ा होकर देखता रहा, जबकि सत्यम जैसे ही पानी में उतरा, वह गहरे हिस्से में चला गया और डूबने लगा। भाई को डूबते देख छोटा भाई घबराकर घर भागा और दादा-दादी को घटना की जानकारी दी। परिजन और चाचा तिलक अहिरवार तत्काल तलैया पहुँचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से चाचा तिलक ने तलैया में उतरकर सत्यम को बाहर निकाला, किंतु तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलते ही बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम उपरांत जब मासूम का शव घर पहुँचा, तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पूरे गांव में मातम छा गया। दर्द इस बात का और गहरा है कि सत्यम के माता-पिता उस समय भोपाल में मजदूरी करने गए हुए थे। जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, वे बदहवास हालत में गांव के लिए रवाना हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि बीते तीन-चार वर्षों में यह दूसरी घटना है जब इसी पुरानी तलैया में बच्चे की डूबने से मौत हुई है। गांव के लोगों ने प्रशासन से तलैया के गहरे हिस्से के चारों ओर सुरक्षा प्रबंध और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा न हों।

### शिक्षक संघ के ज्ञापन के आधार पर कार्यवाही

# राजस्व टीम पहुँची अतिक्रमण स्थल, शिकायत मिली सही, पंचनामा बनाकर रिपोर्ट सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा के ग्रामीण एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं ग्राम में जगह जगह चल रहे अवैध धंधों जुआ सट्टा , शराबखोरी इत्यादि से परेशान है जिसको लेकर उनके द्वारा बार बार शिकायते प्रशासन को की जाती रही है। किन्तु उचित कार्यवाही के अभाव में इनके हौसले बढ़ते चले जा रहे है जिससे आखिर शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने परेशान होकर विगत दिनों एक ज्ञापन जिला कलेक्टर दमोह के नाम जबेरा तहसीलदार सोनम पांडेय सहित एसडीएम जबेरा सौरभ गन्धर्व को सौंपा गया था। जिसमे इन असामाजिक गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने एवं विद्यालय की भूमि पर किये गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई थी। जिस पर जिला कलेक्टर सुधीर कोचर ने दमोह एसपी एवं जबेरा एस डी एम को तत्काल इन पर कार्यवाही करने निर्देश दिए जिस पर जबेरा तहसीलदार ने एक राजस्व की टीम को अतिक्रमण स्थल की जांच करने शनिवार को भेजा जिसने मौके पर उक्त स्थल का निरीक्षण किया। एवं ग्रामीणों के बयान दर्ज कर शिकायत की जांच की गई। जिसमे उक्त स्थल पर स्कूल परिसर में अवैध अतिक्रमण एवं जुआ सट्टा, शराबखोरी एवं अन्य प्रदूषित वातावरण की शिकायत को सही पाया जिसका पंचनामा राजस्व की टीम पटवारी इत्यादि ने तैयार कर तहसीलदार को सौपा। जिस पर अब जबेरा तहसीलदार शीघ्र नोटिस जारी कर इन्हें वहा से हटने की सूचना देगे ओर दी गई समय सीमा में स्वयं न हटने पर प्रशासन स्वयं अतिक्रमण हटाने का कार्य करेगा जिसका व्यय अतिक्रमणकरियो से वसूला जाएगा। साथ ही इन अवैध गतिविधि संचालकों के अन्य अतिक्रमण की जांच की बात भी मौके पर उठाई गई। जिस पर भी वैधानिक कार्यवाही भी की जाना है।

# ग्रामीण अंचलों में मिट्टी खुदाई के दौरान सुरक्षा बरती जाए-कलेक्टर

**दमोह।** दीपावली पर्व के पूर्व तथा अन्य अवसरों पर ग्रामीण अंचलों में से कच्चे मकानों की छपाई एवं दीपक निर्माण हेतु मिट्टी निकाली जाती हैं। यह कार्य प्रायः गाँवों के अंदर या बाहर स्थित “खदान” अथवा “खदनिया” रूपी स्थलों से किया जाता है, जहाँ ऊपरी परत कठोर तथा नीचे की मिट्टी मुलायम होती हैं। ऐसी स्थिति में मिट्टी निकालते समय ढलान या किनारे के धंस जाने से गंभीर दुर्घटनाएँ घटित हो जाती हैं, जिससे जनहानि की संभावना बनी रहती हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने बताया हाल ही में ग्राम गंज बरखेड़ा, तहसील बटियागढ़ में मिट्टी खुदाई के दौरान मिट्टी की खदान धंस जाने से दो बालिकाएँ दब गईं, जिनमें से एक की मृत्यु एवं एक गंभीर रूप से घायल हुई, यह अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक घटना है। इससे पूर्व भी जिले में इसी प्रकार की घटनाएँ घटित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने, ग्रामीण जनता में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा विशेषकर बच्चों एवं किशोरों को असुरक्षित मिट्टी खुदाई से बचाने के उद्देश्य से मुख्य कार्यपालन अधिकारी दमोह, अनुविभागीय दण्डाधिकारी दमोह/पथरिया/हटा/ तेंदूखेड़ा, समस्त तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह समस्त को दिशा-निर्देश तत्काल प्रभाव से जारी किए हैं। उन्होंने कहा सभी जनपद पंचायतें एवं ग्राम पंचायतें तत्काल ग्रामीणों में जनजागरूकता अभियान चलाएँ जाए। ग्रामों में मुनादी, दीवार लेखन, आंगनवाड़ी एवं विद्यालयों के माध्यम से लोगों को सतर्क किया जाए कि बच्चे अथवा किशोर मिट्टी खुदाई में भाग न लें। किसी भी ढलान या गहरी खदान में मिट्टी निकालना पूर्णतः वर्जित है। असुरक्षित स्थल पर खुदाई करते समय मिट्टी का अचानक धंसाव जानलेवा हो सकता है। अकेले या बच्चों के साथ मिट्टी खोदने न जाएँ। ऐसे स्थानों पर मिट्टी न निकालें जहाँ ऊपर पत्थर या ढलान हो, जिससे मिट्टी धंसने का खतरा हो।

### असुरक्षित स्थलों की सूची व चेतावनी बोर्ड

राजस्व एवं पंचायत विभाग तत्काल अपने क्षेत्र में ऐसे सभी खदान, खदनिया आदि जोखिम क्षेत्र स्थलों की पहचान करें एवं ग्रामवार सतर्कता दल गठित किया जाए। जोखिम वाले स्थलों पर “खतरा - मिट्टी धंस सकती है, प्रवेश वर्जित” लिखे चेतावनी बोर्ड लगाए जाएँ। ग्राम सचिव व पटवारी की संयुक्त टीम ऐसे स्थलों की निगरानी करे और लोगों को वहाँ जाने से रोके।

# वोकल फॉर लोकल आजीविका मेला का शुभारंभ

### समूहों की महिलाओ ने लगाया हस्त निर्मित उत्पाद का स्टाल



**दमोह।** जिला प्रशासन के सहयोग से स्थानीय तहसील ग्राउंड के प्रांगण में पांच दिवसीय स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल आजीविका मेले का शुभारंभ पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री मलैया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा आज जरूरत है हम अपने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें, जिससे हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो इसके लिए स्व सहायता समूह कारगर सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा समूह की महिलाएं मिलावट रहित उत्पाद ग्रामीण अंचलों में बना रही हैं, इसके लिए सशक्त बाजार की जरूरत है, जो कि इस मेले से पूरी होगी। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कोचर ने समूह के महिलाओं के हस्त निर्मित उत्पादों की प्रशंसा की और आम जनता से दीपावली के शुभ अवसर पर मेले का लाभ उठाने की अपील की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू देवलिया ने समूह के कार्यों की प्रशंसा कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक साहसिक कदम बताया। इस अवसर पर अतिथियों ने पूरे मेला ग्राउंड का भ्रमण कर अवलोकन किया, इसमें ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन की महिलाएं भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर अतिथियों ने पूरे मेला ग्राउंड का भ्रमण कर अवलोकन किया, इसमें ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन की महिलाएं भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

# बच्चों को ज़िम्मेदार नागरिक बनाने हेतु दिया गया प्रशिक्षण



**दमोह।** टाईम्स पब्लिक स्कूल का उदेश्य शुरआत से ही छात्र छात्रओं को जिम्मेदार नागरिक बनाना हैं, जिसके लिए किंडर गार्डन के शिक्षक शिक्षकाओं के द्वारा छात्र-छात्रओं को समाज के प्रति उनकी नैतिक जिमेदारी से अवगत करवाया गया हैं। साथ ही कक्षा 6 वी से 9वी तक के विद्यार्थियों ने स्वच्छता पर नाटक प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। कार्यकम से महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनजीत सहानी शाला के प्राचार्य श्री अजय मिश्रा एंव वरिष्ठ संगीत शिक्षक श्री जार्ज माइकल उपस्थित रहे। कार्यकम के अंत मे माइकल सर ने छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की एंव कार्यकम को सफल बनाने मे शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# चौकी प्रांगण में पुलिस अधीक्षक के साथ किया वृक्षारोपण



**दमोह ।** प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में दमोह शहर के बजरिया चौकी चौकी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने चौकी प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, संजय सेन, मनीष तिवारी, पार्षद कविता राय, रमन खत्री, सीएसपी एचआर पांडे, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार, चौकी प्रभारी राकेश पाठक खासतौर पर मौजूद थे।

# एरियर्स के लिये परेशान सेवानेवृत कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा में निवास करने बाले सेवानेवृत मोहन लाल साहू 10 माह का अर्जित अवकाश एवं समयमान वेतन का एरियर्स राशि प्राप्त करने के लिए कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को अनेक आवेदन देकर चक्कर लगाकर परेशान हो रहे है। लेकिन अधिकारियों की मनमानी के चलत मोहन लाल साहू को राशि प्रदान नहीं की जा रही है। मोहन लाल साहू ने आयुक्त, संचालक, कलेक्टर को दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि मै नगर परिषद पटेरा तहसील हटा जिला दमोह में राजस्व उप राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत रहते हुए दिनांक 30 जून 2024 तक सेवाएँ दी हैं। 10 माह का अर्जित अवकाश राशि 673060 रूपए तथा समयमान वेतनमान का एरियर्स राशि लगभग 4 लाख रूपए कुल राशि 10 लाख 73 हजार 800 रुपये होना था। लेकिन अभी तक भुगतान नही हुआ है। मै अपने भुगतान के लिए होना था। लगभग एक वर्ष से कलेक्ट्रेट दमोह एवं नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा के चक्कर लगा रहा हूं। इसके अलावा 03.दिसम्बर 2024 को एसडीएम हटा को अपनी समस्या बताई तो उन्होंने भी नगर पालिका अधिकारी पटेरा से बात की। तब नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा ने 2 लाख रुपये मुझे दिए, और मुझसे कहते हैं कि तुम्हें जो दिखे कर लो। इसके अलावा कलेक्टर दमोह ने मामले का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा को एवं एसडीएम हटा को भुगतान कराने के लिए कहा तो नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा ने 50-50 हजार तीन किश्तें दी गई थी। ऐसे कुल 3 लाख रूपए प्राप्त हुए है। लेकिन 7 लाख 23 हजार 60 रुपये राशि शेष है। जिसके लिए मैने अनेक वार कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन दिए है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जबकि कमिश्नर सागर ने स्पष्ट आदेश जारी किए है कि रिटायर्ड कर्मचारियों के प्रति दयाभाव रखते हुए सभी अधीनस्थों को समय से भुगतान किए जाए। लेकिन बार बार चक्कर लगाने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। मै सेवा निवृत्ति के बाद उम्र अधिक होने से मेरा तथा मेरी पत्नि का स्वास्थ्य खराब रहता है। इलाज चल रहा है। रुपयों की आवश्यकता है। मोहन लाल साहू ने शेष दिलाने की मांग की है।

# शराब के साथ जुआ सट्टा व मांस विक्रय पर भी प्रतिबंध



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत भाट खमरिया भगवती मानव कल्याण संगठन समस्त ग्राम वासियों जनपद पंचायत के सीईओ डॉ आर पी पटेल जबर थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान हाई स्कूल माध्यमिक स्कूल के समस्त शिक्षक गांव ग्राम पंचायत के सचिव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन वर्तमान जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सुजान सिंह सरपंच प्रतिनिधि पंचम सिंह राजेंद्र सिंह ठाकुर उजियार यादव टेक सिंहठाकु अजय जैन पूर्व सरपंच कल्याण सिंह मुन्ना सिंह पटेल भगवती मानव कल्याण संगठन से प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह जिला उपाध्यक्ष देवी सिंह सरपंच झरोली युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह प्रदेश सचिव विनोद सिंह ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह धुर्वे दिनेश अहिरवार जनपद सदस्य उज्जवल सिंह देवेंद्र अहिरवार मिट्ठू लाल सेन सरपंच शहर बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य जन एवं महिलाओं उपस्थित रहे।

# एकलव्य विश्वविद्यालय के शोधार्थी विराग जैन को पीएचडी उपाधि की अनुशंसा



**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत संस्कृत विभाग के शोधार्थी विराग जैन की पी-एच. डी. शोध प्रबन्ध की मौखिकी परीक्षा सम्पन्न हुई, विराग जैन ने आचार्य जिनसेन कृत आदि पुराण में प्रतिपादित जीवन मूल्यों का अध्ययन विषय पर डॉ. आशीष कुमार जैन शिक्षाचार्य, एसोसिएट प्रोफेसर ,अध्यक्ष,संस्कृत विभाग के निर्देशन में यह शोध कार्य सम्पन्न किया। इस हेतु विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, श्रीमति पूजा मलैया एवं श्रीमति रति मलैया प्रतिकुलाधिपति का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. पवन कुमार जैन की अध्यक्षता में मौखिकी परीक्षा दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को सम्पन्न हुई। मौखिकी परीक्षा हेतु डॉ शशि कुमार सिंह ,संस्कृत विभाग, डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश को आमंत्रित किया गया था, उन्होंने पी-एच. डी. मौखिकी परीक्षा विधिवत सम्पन्न कराई। इस अवसर पर डॉ रेड्डी जी, अर्थशास्त्र विभाग, डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर ,प्रो. आर. सी. जैन, अधिष्ठाता, कला एवं मानविकी संकाय, डीन अकेडमिक प्रोफेसर जे.पी. शमा खानम, डॉ. निधि असाटी बेसिक एंड अप्लाइड साइंस, डॉ उषा खंडेलवाल, डॉ आशीष जैन, जैन और प्राकृत अध्ययन विभागाध्यक्ष, डॉ अनिल पिंपलापुरे इंजिनियरिंग विभाग, डॉ अभिषेक जैन अध्यक्ष,हिंदी विभाग, डॉ. विवेक गेडाम, सहायक निदेशक, शोध विकास विभाग, डॉ एस एन गौतम, डॉ एस के तिवारी, डॉ विजय साहू,डॉ. प्रमिला कुशवाहा, डॉ दीपक रजक, डॉ. वन्दना पाण्डेय, डॉ दुर्गा महोबिया, , डॉ. मनीषा दीक्षित, डॉ विजया लक्ष्मी, डॉ वंदना शुक्ला, ईशा सचदेव आदि मान्य गण तथा सहकर्मी गोविंद, आकाश, महेश, सतेंद्र आदि भी उपस्थित रहे।

# पतंजलि द्वारा 25 दिवसीय योग शिविर का चल रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह






पतंजलि योगपीठ हरिद्वार मुख्य केंद्र प्रभारी स्वामी परमार्थ देव जी महाराज की प्रेरणा से एवं पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी भाई भगत सिंह ठाकुर,भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी भाई करण सिंह पवार,किसान संगठन के राज्य प्रभारी भाई मुन्नी लाल यादव के निर्देशन में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान किसान संगठन दमोह के द्वारा पतंजलि योग समिति तहसील पथरिया के द्वारा आयोजित 25 दिवसीय योग शिविर का आयोजन विगत 20 सितंबर से देव श्री हनुमान मंदिर पथरिया रेस्ट हाउस के पास अनवरत जारी है। आज के योग सत्र का संचालन भारत माता पूजन एवं दीप प्रजनन के साथ पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार परोहा एवं वरिष्ठ योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे द्वारा संपन्न कराया गया। सभी नये प्रशिक्षकों ने अपने अनुभव बताए।पतंजलि के तहसील प्रभारी सुदेश चौरसिया एवं भारत स्वाभिमान अध्यक्ष जितेंद्र दुबे द्वारा नये प्रशिक्षकों को योग प्राणायाम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं जल्द ही अपना रजिस्ट्रेशन कराने की सलाह दी गई। जिला समिति सह प्रभारी गंगाराम पटेल एवं जिला किसान संगठन प्रभारी सुरेश रैकवार द्वारा भी सभी का मार्गदर्शन किया गया। शिविर में तहसील पथरिया के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं योग शिक्षक प्रदीप दवग्गर, योगाचार्य एवं पूर्व तहसील प्रभारी देवी प्रसाद पांडे सहित समस्त सक्रिय कार्यकर्ता श्याम उपाध्याय, राजीव लोचन स्थापक,महेश राठौर,नारायण साहू,सुनील पटेल, महेश बाबू (पूर्वसीएमओ) राजेंद्रगुरु(मखई मराज) हुकुम पटेल, मोदीपटेल, दीनदयाल पटेल बाबू, दीपक प्रजापति, संजू पटेल, लकी रेकवार सहित पटेरा तहसील से रवि पटेल कुम्हारी, लक्ष्मण सिंह ठाकुर मुआर झरौली, बृजेश विश्वकर्मा बाप तारखेडा की विशेष उपस्थिति के साथ नगर के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।